अमर उजाला 11/09/2024

विद्यार्थियों को बताया वोट का महत्व

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थी और प्राचार्य। संस्था

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में मंगलवार को स्वीप के अंतर्गत आम चुनाव-2024 विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनावों के बारे में था जोकि अक्टूबर माह में होने वाले हैं। कार्यक्रम का आरंभ में कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को वोट के महत्व के बारे में बताया और कहा कि सभी को विकास के हर पहलू को ध्यान में रख अपने कीमती वोट का उपयोग करना है।

कार्यक्रम की संयोजिका डॉ सीमा कंसल ने विद्यार्थियों को आगामी विधानसभा चुनाव में बढ़- चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। संवाद